तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025

4 जिंदगी में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपनी पूरी क्षमता से खेलना: ओपी





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# देवी मंदिरों में जले आस्था के दीप, पहले दिन माता शैलपुत्री की हुई आराधना

## सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार से शक्ति की भक्ती की आराधना शुरू हो गई है। जिससे शहर सहित अंचल के देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्त पहुंचने लगे थे, जो देर शाम तक कतारबद्ध नजर आए। इस दिन सभी मंदिरों में आस्था का दीप जलाए गए। वहीं बाजे-गाजे के साथ माता की आरती हुई। इसके बाद भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-पाठ कर अपनी मनोकामना पूरी करने माता से गुहार लगाई।

दरअसल सोमवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गया है, जिससे सुबह से ही शहर सहित अंचल में भक्ती का माहौल रहा। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध बुढ़ी माई मंदिर, राजापारा स्थित सम्लेश्वरी मंदिर, अनाथालय स्थित दुर्गा मंदिर, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्त पहुंचने लगे थे और भक्तों ने माता के जयकारे के साथ पूजा-अर्चना की। इस दिन सभी मंदिरों में मनोकामना ज्योत भी जलाए गए।

इस संबंध में पंडितों ने बताया कि साल में दो बार नवरात्र आता है। चैत नवरात्र व शारदीय नवरात्र के नौ दिनों में माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। जिसको लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहता है। इस दौरान शहर सहित अंचल के देवी मंदिरों में भक्तों के लिए विशेष तैयारी भी की गई है, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आमतौर पर नवरात्रि 9 दिनों का होती है, इस बार की नवरात्रि और भी खास है क्योंकि यह पूरे 10 दिनों तक चलने वाली है। पंचांग की स्थिति के कारण इस बार श्रद्धालुओं को 10 दिनों तक माता की आराधना का अवसर मिल रहा है।



### हिमालय की पुत्री की मानी जाती है अवतार

पंडितों के अनुसार नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इन्हें पर्वतराज हिमालय की पुत्री और देवी पार्वती का अवतार माना जाता है। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल होता है। शैलपुत्री का पूजन करने से भक्तों को शांति और साहस की प्राप्ति होती है। मां शैलपुत्री को अखंड सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। नवरात्रि के प्रथम दिन योगीजन अपनी शक्ति मूलाधार में स्थित करते हैं व योग साधना भी करते हैं। इसलिए नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की आराधना करते हैं। माता शैलपुत्री की आराधना करने से जीवन में स्थिरता आती है। साथ ही स्त्रियों के लिए उनकी पूजा करना ही श्रेष्ठ और मंगलकारी माना गया है। जिसको लेकर नवरात्र के पहले ही दिन से लोग माता की भक्ती में जुट जाते हैं और पूरे नौ दिनों तक अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। द्वितीया को ब्रह्मचारिणी, तृतीया को चंद्रघंटा, चतुर्थी को कुष्मांडा, पंचमी को स्कंदमाता, षष्ठी को कात्यायनी, सप्तमी को कालरात्रि, अष्टमी को महागौरी और नवमी को सिद्धिदात्री की आराधना होगी।

### श्रद्धालुओं में झलकी आस्था

बूढ़ी माई मंदिर पहुंचे एक श्रद्धालु ने कहा कि हर साल वो नवरात्रि के अवसर पर अपने पूरे परिवार के साथ यहां दीप जलाने आते हैं और यही प्रार्थना करते हैं कि उनके घर में सुख-शांति और खुशहाली बनी रहे। केवड़ा बाड़ी मंदिर में दीप जलाने आई महिलाओं ने बताया नवरात्रि उनके लिए सिर्फ पूजा का पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मिक शांति और भक्ति का अनुभव कराने वाला महत्त्वपूर्ण क्षण है।

### कन्या पूजन और भव्य समापन

इस बार की नवरात्रि विशेष रूप से इसलिए भी यादगार होगी क्योंकि दसवें दिन कन्या पूजन के साथ इसका समापन होगा। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण पूजे जाएंगे और उन्हें भोजन कराया जाएगा। नवरात्र के अवसर पर शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में देवी का विशेष श्रृंगार किया गया है। मां को लाल चुनरी, फूल मालाओं और गहनों से सजाया गया है।

### जेल में बंदियों ने जलाई ज्योत, रखा उपवास




शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जिला जेल में इस बार भी बंदियों ने मां दुर्गा के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए व्रत व पूजा-अर्चना शुरू कर दी है। जेल प्रबंधन ने उपवास रखने वाले बंदियों के लिए विशेष व्यवस्था की है, ताकि वे पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान कर सकें। जिला जेल अधीक्षक जीएस शौरी ने बताया कि वर्तमान में 800 से अधिक महिला-पुरुष बंदी विभिन्न मामलों में बंद हैं। इनमें से 48 बंदियों ने इस बार नवरात्रि पर व्रत रखने की इच्छा जताई है, जिसमें 41 पुरुष और 7 महिला बंदी शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें से 32 बंदी पूरे नौ दिन तो तीन दिन उपवास करेंगे। उपवास करने वाले महिला-पुरूष बंदियों को अलग-अलग 1 नंबर बैरक में रखा गया है और उनके लिए ज्योत जलाने व जवारा की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं व्रत रखने वालों के लिए साबुदाना, मुंगफली आदि फलाहार की व्यवस्था भी की गई है। जेल के अधीक्षक जीएस शौरी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जो बंदी भगवान में आस्था रखते हुए उपवास एवं पूजा-पाठ करना चाहते हैं, उनके लिए जेल प्रबंधन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है।

### मंदिरों में जले मनोकामना दीप

नवरात्र के दिनों में भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए अलग-अलग देवी मंदिरों में आस्था के दीप जलाए हैं। शहर की कुलदेवी बुढ़ी माई मंदिर में इस बार 2000 अखंड दीप जलाए गए हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि हर साल यहां दीपों की संख्या बढ़ती जा रही है और यह आस्था का बड़ा केंद्र है। इसके अलावा अनाथालय परिसर में करीब 700 ज्योत जलाए गए हैं। यहां समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने योगदान दिया है। इसी प्रकार केवड़ा बाड़ी स्थित देवी मंदिर में करीब 250 दीप प्रज्वलित किए गए हैं।

### श्रद्धा और भक्ति में डूबा शहर

नवरात्र की शुरुआत के साथ ही शहर के माहौल में एक विशेष ऊर्जा का संचार हो गया है। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग रही है। ढोल, मांदर की धुन, शंख की ध्वनि और घंटियों की आवाज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इसके अलावा हर गली-मोहल्लों में माता के जसगीत गुंजायमान हो रहे हैं। महिलाएं माता रानी के गीत और भजन गा रही हैं तो युवा वर्ग पंडाल सजाने और व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहा है। जगह-जगह माता की झांकी, भजन संध्या और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां की जा रही हैं।

## कर्मचारी संघ के चुनाव के बाद नई प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित

**घरघोड़ा।** शासन से मान्यता प्राप्त संगठन एवं संघर्ष का प्रतीक छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीया वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतअध्यक्ष का चुनाव बिलासपुर में 24 अगस्त 25 को विवेकानंद सभागृह में संपन्न हुआ जिसमें पवन कुमार शर्मा प्रांतअध्यक्ष निर्वाचित हुए। प्रांतीयअध्यक्ष पवन कुमार शर्मा द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई है जिसमें प्रमुख संरक्षक पूर्व प्रांताध्यक्ष पी आर यादव, प्रदेश समन्वयक पूर्व प्रांताध्यक्ष आर चंद्रा, संरक्षक उमेश मुदलियार अवधेश मिश्रा। रायगढ़ जिला से जिला शाखा अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय को प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं आशीष शर्मा को प्रांतीय सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए संघर्ष करने वाला सबसे पुराना एवं विश्वसनीय कर्मचारी संगठन जिसने अनेक उपलब्धियों कर्मचारी हित की हासिल किया है छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के ऊपर प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारियों का विश्वास है सभी जानते हैं कर्मचारियों के लिए संघर्ष एवं उपलब्धियां उसकी निशानी लोकतांत्रिक तरीके से यह संगठन लगातार कर्मचारी हितों में काम कर रहा है। रायगढ़ जिले से संतोष पांडे एवं आशीष शर्मा को प्रांतीय कार्यकारिणी में जिम्मेदारी देने के लिए प्रांत अध्यक्ष को संरक्षक शेख कलीमुल्ला, जेम्स वर्गिस, शैलेश शर्मा, नरेंद्र पर्वत, रोहित डनसेना, सुरेन्द्र भटिया, कार्यकारी जिला शाखा अध्यक्ष संजीव शेट्टी सचिव एल बी एस जाटवर, संतोष कुमार सिंह, विकास सिन्हा, विकास तिवारी एविजय पडा ऋषिकेश साहू अभिषेक गुप्ता, जफर उल्ला सिद्दीकी, पी आर भास्कर पी आर भारद्वाज अनिल गंभेल अश्वनी दर्शन गुलाब सिंह, राम पॉल राठिया, एवं सदस्यों ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### पिकअप से टकरा कर दो युवकों की मौत

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र के पटेलपाली में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। कलश यात्रा देखने जा रहे दो बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे बिना इंडिकेटर खड़ी पिकअप से टकरा गए। जोरदार टक्कर में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक पंकज महंत और उसका साथी समीर दास बैरागी कलश यात्रा देखने के लिए बाइक से निकले थे। रात करीब 9.30 बजे पटेलपाली सब्जी मंडी के सामने मेन रोड पर उनकी बाइक खड़ी बोलेरो पिकअप से जा टकराई। हादसे के बाद दोनों को गंभीर हालत में एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक पंकज महंत के पिता रामकुमार महंत की शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्लांट से लोहा चोरी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने संगठित लोहा चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए लोहे का प्लेट बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है। चोरी को लेकर बेजोन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड चिराईपाली के एचआर सुशांत कुमार पण्डा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि प्लांट नंबर 4 में एसएमएस कार्य के लिए रखे गए लोहे के कटिंग प्लेट में से 25 नग लोहा, जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपए है को 17 सितंबर की रात एक बजे से चार बजे के बीच अज्ञात चोरों ने प्लांट की दीवार कूदकर चोरी कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने मुखबिरों को सक्रिय किया और टीम लगाकर आरोपियों की पतासाजी शुरू की। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर लाखा निवासी दीपक मांझी, रोहन चौहान, अक्षय चौहान, मुकेश चौहान और ग्राम पाली निवासी नित्यानंद सिदार को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने संगठित होकर योजनाबद्ध तरीके से दीवार फांदकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के बयान के आधार पर चोरी गया माल बरामद किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### एक स्थायी सहित 10 वारंटी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने वारंट तामिली और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया। तड़के भोर से ही पुलिस टीम ने अलग-अलग गांवों में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान ग्राम जामपाली से स्थायी वारंटी मालिकराम उर्फ शोभाराम डनसेना निवासी बड़े डूमरपाली खरसिया को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही मारपीट, आबकारी और चोरी के मामलों में फरार 9 वारंटियों को भी पकड़ा गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वारंट तामिली के लिए पुलिस टीम ने ग्राम जामपाली, किरोड़ीमलनगर, सीतापुर, नयापारा ढिमरापुर चौक, धनागर, पचेड़ा, बघनपुर और खैरपुर में दबिश दी थी।

## निगम की कार्यप्रणाली को लेकर युकां ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम रायगढ़ की कार्यप्रणाली और निर्माण कार्यों में अनियमितता को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस मोर्चा खोल दिया। उनके द्वारा निगम परिसर में प्रदर्शन करते हुए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन ने यह आरोप लगाया है कि निगम में लगातार निर्माण और विकास कार्यों में अनियमितता बढ़ रही है, जिससे शहरवासी परेशान हैं। युवा कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा किए जा रहे सड़क, नाली, पुल पुलिया, सोलर लाइट और अन्य निर्माण कार्यों में अनियमितता सामने आई है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद शहर में जर्जर सड़कों और अधूरे निर्माण कार्यों की भरमार है। इतना ही नहीं निर्माण कार्यों और सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है। करोड़ों की लागत से बनाए गए प्रोजेक्ट्स कुछ ही महीनों में टूट जा रहे हैं। इसके अलावा विभागीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है। नियमों का पालन किए बिना मनमाने तरीके से कार्य आवंटित किए जा रहे हैं। शहर की कई सड़कें लंबे समय से जर्जर पड़ी हैं। इनकी मरम्मत और रखरखाव की जिम्मेदारी निगम पर है , लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। मुख्य मार्गों से लेकर छोटे-छोटे रास्तों तक पर अतिक्रमण फैल चुका है। नगर निगम की लापरवाही से यातायात बाधित हो रहा है और आम लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। भवन निर्माण अनुज्ञा बिल्डिंग परमिशन देने में भी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया। बिना उचित प्रक्रिया के अनुमति दी जा रही है जिससे अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की स्थिति बनी हुई है। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कहा कि यदि नगर निगम प्रशासन इन मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं करता तो युवा कांग्रेस जन आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त 5 दिनों के भीतर शहर की मौजूदा स्थिति पर स्पष्ट जवाब दें, अगर जवाब नहीं मिलता है तो वो खुद सड़क पर उतर कर इन ख़राब रास्तों की मरमत करेंगे।

### आयुक्त ने दिया आश्वासन

निगम आयुक्त ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बात सुन कर कहा कि शहर में बड़ी-बड़ी गाड़ियों की आवाजाही के कारण सड़कों पर गड्ढे बन जाते हैं, इस पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में मरम्मत कार्य शुरू कर स्थिति को सुधारने की कोशिश होगी और बाकि सभी मांगो को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाऐं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

खबर संक्षेप

### राउरकेला में सूदखोरी माफिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**राउरकेला।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में सूदखोरी माफिया लोन शार्क का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आम नागरिक छोटे व्यापारी, मजदूर और महिलाएँ इन अवैध कर्जखोर गिरोहों के लगातार शिकार हो रहे हैं। बीते समय में कई पीड़ितों ने थानों में शिकायत दर्ज कराई है कि उनसे 10-20 प्रतिशत मासिक ब्याज जरूरत के अनुसार तयशुदा समय पर वसूली की जा रही है। चुकाने में असमर्थ होने पर पीड़ितों के साथ धमकी, मारपीट और संपत्ति हड़पने जैसी घटनाएँ आम हो रही हैं। बीते वर्षों में आत्महत्या की घटनाओं में परिजनों ने सीधे तौर पर सूदखोरी माफिया को जिम्मेदार ठहराया गया था। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि राउरकेला और सुंदरगढ़ जिले में सक्रिय सभी सूदखोर गिरोहों की उचित व उच्च स्तरीय जाँच कराई जाए। पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत और कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाए। वहीं पुलिस प्रशासन को विशेष एंटी लोन शार्क अभियान चलाना चाहिए। दोषी माफिया सरगनाओं को कठोर सज़ा दिलाई जाए। सूदखोरी अब केवल एक वित्तीय अपराध नहीं बल्कि सामाजिक संकट बन चुकी है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो और अधिक परिवार तबाही की कगार पर पहुँचेंगे।

### देवगांव में हाथियों का आतंक हमले से युवक गंभीर

**राउरकेला।** राउरकेला से सटे देवगांव में हाथियों का झुंड घुस आने से अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि देहूरी बस्ती और सेठी बस्ती के पास जंगल से अचानक छह हाथी निकल आए। हाथियों को देखने के लिए आसपास के लोग इकट्ठा हो गए लेकिन तभी झुंड ने आक्रामक रुख अपना लिया। इस दौरान सेठी बस्ती निवासी अभिमन्यु उर्फ अभी सेठी हाथी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे बचाकर पहले राउरकेला सरकारी अस्पताल आरजीएच पहुंचाया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जेपी अस्पताल रेफर किया गया। वह फिलहाल आईसीयू में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड अब भी देवगांव के आसपास मंडरा रहा है। इससे पूरे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल है तथा लोग घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। वन विभाग को सूचना दे दी गई है और हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास जारी हैं।

### तहसील परिसर में लर्निंग लाइसेंस शिविर कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार तहसील परिसर में आगामी 24 सितम्बर बुधवार को लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति लर्निंग लाइसेंस हेतु किसी भी लोक सेवा केंद्र या च्वाइस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग की वेबसाइट से भी स्वयं आवेदन किया जा सकता है। आवेदक 24 सितम्बर को अपॉइंटमेंट लेकर तहसील परिसर जशपुर में अपने आवेदन के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### 35 गांवों में विद्युत अधोसंरचना निर्माण कार्य प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जनजातीय अंचलों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में कार्य प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत विद्युत विभाग ने जिले के विभिन्न गांवों में विद्युत आपूर्ति की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने हेतु अधोसंरचना निर्माण का कार्य तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएं।धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विद्युत विभाग को अभी 6.65 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विभाग द्वारा प्रारंभिक चरण में दुलदुला, पत्थलगांव और बगीचा विकासखंडों के 35 ग्रामों में अधोसंरचना निर्माण शुरू किया गया है।

# जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नवरात्र की शुरुआत के साथ ही पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई है। सोमवार को कलश यात्रा निकाल कर सभी पंडालों में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्ना की गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं शामिल हुईं। कलश स्थापना के साथ ही यहां पूजा-अर्चना का दौर भी शुरु हो गया है।

पत्थलगांव में नवरात्र का पर्व प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। नगर में जगह-जगह समितियों द्वारा पूजा पंडालों का निर्माण कराकर मां दुर्गा की आराधना की जाती है। इसके लिए पिछले एक महीने से तैयारियां की जा रही थीं। इस वर्ष भी सात स्थानों पर अलग-अलग समितियों द्वारा पूजा पंडालों का निर्माण कराया गया है जिनमें मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थपित की गई हैं। सोमवार को नवरात्र के प्रथम दिवस के अवसर पर सभी पंडालों में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बजारपारा जशपुर रोड द्वारा स्थापित पूजा पंडाल में पुरोहित भक्ता महराज के मार्गदर्शन में विधिवत कलश स्थापना की गई तो सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति रायगढ़ रोड में बनारस से आय महाराज के मार्गदर्शन में कलश यात्रा निकली। वहीं पुरोहित भक्ता महराज ने बताया कि माता दुर्गा की प्रतीक नारी शक्ति का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि नारी ज्ञान-ऐश्वर्य-शौर्य की प्रतीक है। आज भी आदर्श भारतीय नारी में तीनों देवियाँ विद्यमान हैं। अपनी संतान को संस्कार देते समय उसका सरस्वती रूप सामने आता है। गृह प्रबन्धन की कुशलता में लक्ष्मी का रूप तथा दुष्टों के अन्याय का प्रतिकार करते समय दुर्गा का रूप प्रकट हो जाता है। अत. किसी भी मंगलकार्य को नारी की अनुपस्थिति में अपूर्ण माना गया है। उन्होंने बताया कि धर्म के क्षेत्र में नारी हमेशा ही अग्रणी रही है। आज नवरात्र के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा में महिलाओं ने वर्षा में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सड़क पर बने में बड़े-बड़े पोखरों में नंगे पैर रिमझिम बारिश में भी कलश यात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना यह बताता है कि नारी के बिना धर्म कर्म की कल्पना व्यर्थ है। नवरात्र में बारिश को उन्होंने देवी के हाथी पर सवार होकर आगमन का संकेत बताया। उन्होंने बताया कि आम तौर पर सिंह को देवी दुर्गा का वाहन माना जाता है परंतु भारतीय पुराणों में अलग-अलग दिनों के हिसाब से देवी के अलग-अलग वाहन पर सवार होकर आगमन देवी भागवत में वर्णित है। इसके अनुसार यदि नवरात्र की शुरूआत शनि और मंगल को हो तो देवी घोड़े पर सवार होकर आती हैं वहीं गुरू और शुक्र की स्थिति में डोली में सवार होकर पधारती हैं। बुध को देवी का आगमन नौका पर माना जाता है वहीं रवि और सोम वार को नवरात्रि पड़े तो देवी का आगमन हाथी पर माना जाता है। इस बार रविवार को नवरात्रि प्रारंभ होने के कारण देवी हाथी पर आरूढ़ होकर पधारी हैं। उन्होंने बताया कि देवी के गजरूढा आगमन की स्थिति में भारी वर्षा की स्थिति देवी पुराण में बताई गई है और इस बार के नवरा;त्र में हो रही बारिश देवी पुराण में कही गई बातों के सच होने का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ऐसी परिस्थिति में कहीं कहीं भारी वर्षा और अत्यधिक बारिश होने की स्थिति से अन्न हानि भी संभव है।, सुनील अग्रवाल, कालू मधुबन, प्रदीप ठाकुर ,नवीन आरामेल ,अजय पार्षद ,संतोष भांजा ,मुकेश अग्रवाल ,नवीन , मोहन दादी, बलराम अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, डब्बू ,कपिल ,कान्हा ,सुनील गुप्ता ,आनंद अग्रवाल ,लाल बंसल कान्हा अग्रवाल ,लड्डू ,पडडू, बंटी अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, दिनेश उर्फ लगडू ,अग्रवाल टिंकू सामंत, बिल्लू अग्रवाल, नवीन ,बल्लू,टोनी, कृष्ण अग्रवाल, श्रेयस मेडिकल सतीश पवन, अरूण, विक्की,हरशु अग्रवाल, कन्हैया विकास मेडिकल,सहित सभी भक्त महिलाएं मौजूद रहे।



पत्थलगांव में निकाली गई मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा।

## भव्य शोभा यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ

**कोतबा।** धर्म नगरी में नवरात्र अनोखी व भव्य होती है। यहाँ कई दशक से एक ही स्थान तिलगोड़ा प्रांगण में पंडाल में विराजमान होती है माता दुर्गा जिन्हें विधिविधान से स्थापित कर पूजन के लिए शाश्वत वैदिक मंत्रोच्चार, माता रानी के जयकारे व भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ हो गया।

■ धर्म नगरी में अनूठी होती है नवरात्र

धर्मनगरी कोतबा में भव्य कलश यात्रा पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर ढोल की थाप मे बाजे गाजे के साथ रामायण की चौपाइयों गाते हुए परंपरागत तरीके से संत समाज द्वारा अगुवाई कर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में हजारों नारी शक्ति माताओं व देवी स्वरूप कन्याओं ने सर पर कलश जल धारण कर कलश यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वर्ष यह पावन पर्व 22 सितंबर 2025, सोमवार से प्रारंभ होकर 2 अक्तूबर 2025, गुरुवार को विजयादशमी के दिन संपन्न होगा। इसके साथ ही आसपास के गांव से लेकर कोतबा शहर तक का इलाका शक्ति की भक्ति में लीन हो गया है।एक ओर जहां पूजा पंडाल में मां की भव्य प्रतिमा का निर्माण कर पूजन-अर्चन किया गया है। वही धर्मनगरी में देवी उपासकों ने घरों में घट स्थापना कर शक्ति की उपासना अपने अपने परंपरा अनुसार कर रहे है। नवरात्र के अवसर पर धर्मनगरी के तिलगोड़ा मैदान मे दुर्गा पूजा पंडाल का आयोजन धूमधाम से किया जा गया है। जिसमे पहले दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकली गई जिसमें लगभग 2100 कलश में सतिघाट धाम से जल उठा कर कन्याओं व महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा तिलगोड़ा से आरम्भ हो कर मुख्य मार्ग से राम मंदिर पारा होते हुवे सतिघाट धाम पहुँची जहाँ हजारों महिलाओं व बालिकाओं ने कलश में नदी से जल भर कर कलश शोभा यात्रा पूजा स्थल पहुंची। इस भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों मांदर ढोलकी ताशा के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुवे भव्य कलश यात्रा निकाली गई है ।



पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ 2100 माताओं ने उठाया कलश।

## मां के जयकारों गूंज उठा नारायणपुर

**जशपुरनगर।** कलश यात्रा के साथ ही नवरात्र का शुभ शुभारंभ हो गया। पहले दिन घटस्थापना की गई और इस पवित्र कलश के साथ दीपक जलाया गया। यह दीपक नौ दिनों तक प्रज्वलित रहेगा। पहले दिन मां शैलपुत्री का पूजन करके समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की गई।

नवरात्र के पहले दिन या देवी सर्व भूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मंत्र के साथ मां शैलपुत्री की पूजा आरंभ हुई। माता के भक्तों में जोश और उल्लास नजर आ रहा है। मंदिरों व पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस बीच नारायणपुर में उड़ीसा के सुंदरगढ़ के आचार्य पंडित सुमित दास एवं संजय के नेतृत्व में 108 कन्याओं के साथ कलश यात्रा निकाली गई।



पुलिस बल के साथ निकाली गई शोभायात्रा।

### कलश यात्रा के दौरान पुलिस बल मौजूद

नवदुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही पण्डाल परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर में से शुरू हुआ और बस्ती होते हुए कपरी नदी पर पहुंचा। गंगा जी की पूजा के बाद जलभर कर पुनः पंडाल परिसर में पहुंचा। वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश की स्थापना कर पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। इस दौरान सभी श्रद्धालु देवी के भक्ति गीतों पर झूमते रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए वित्त मंत्री

# जनता बदलाव महसूस करे तभी जीत सार्थकः चौधरी

**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के वित्त मंत्री व विधायक ओपी चौधरी शामिल हुए।

मुख्य वक्ता श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन व केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनकत्याणकारी कार्यो योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा हम सबका संकल्प है कि सेवा और समर्पण की भावना के साथ हर वर्ग तक विकास और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचे। बुद्धजन श्रेणी के लोगों ने नए भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। यही यह वर्ग अब भारत को विकसित देश बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है। जीएसटी पर ओपी ने कहा कि सरकार की नीयत नीति पर जब भरोसा होता है तब जनता स्वयं टैक्स देती है। वर्ष 1947 से 2014 तक प्रत्यक्ष कर देने वालों की संख्या 66 लाख थी। जब टैक्स सिस्टम सुधरा तब मोदी राज में टैक्स पेयर की संख्या बढ़कर 1.50 करोड़ हो गई।हर साल 10 लाख टैक्स पेयर बढ़े। ओपी चौधरी ने खास अंदाज में मंचस्थ अतिथियों की विशेषता बताई। सांसद राधेश्याम की के संबंध में कहा उनकी सादगी बेमिसाल है। महापौर जीवर्धन की ईमानदारी के संबंध में कहा कि तीन दशकों से राजनीति करते हुए भी चाय बेचना बड़ी बात है। सत्यानंद राठिया ने प्रदेश में दो रुपए किलो चावल योजना शुरू सरकार को चावल वाले बाबा के रूप में स्थापित किया। रायगढ़ विधान सभा में पहली बार भाजपा को जीत दिलाने वाले विजय अग्रवाल के योगदान का उल्लेख किया। हर आयोजन को निष्ठा के साथ करने वाले विकास केडिया को पार्टी संगठन के लिए क्षमता वान बताया। इस मौके पर सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा देवेंद्र प्रताप सिंग,महापौर जीवर्धन चौहान सभापति डिग्री साहू,पूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल,पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ पाणिग्रही गुरुपाल भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक सिदार, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष अरूणधर दीवान, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ,गुरुपाल सिंह भल्ला, श्रीकांत सोमावार, निगम सभापति डिग्रीलाल साहू ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विलिस गुप्ता, विनायक पटनायक, जिला महामंत्री जतिन साव, पवन शर्मा, अनुपम पाल (प्रदेश सह संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ), शहर मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



## दो करोड़ से अधिक का ऑनलाइन फ्रॉड



**राउरकेला।** वित्तीय मामलों के तहत शहर में एक बड़ा धोखाधड़ी मामला सामने आया है, जिसमें एक फर्जी कंपनी ने बेरोजगार युवाओं को करोड़पति बनाने का झांसा देकर अब तक प्राप्त शिकायतों के अनुरूप 2 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी कर ली, भविष्य में इसके राशि में बढ़ोतरी से इन्कार नहीं किया जा सकता।

रिपोर्ट्स के अनुसार यह धोखाधड़ी एम एस क्यू नामक मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई, जिसे मोबाइल फोन पर डाउनलोड कराया गया और ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए प्रचारित किया गया। राउरकेला और आसपास के क्षेत्रों के 300 से अधिक युवा युवतियां इस गिरोह का शिकार बने हैं। पीड़ित अब न्याय की मांग को लेकर राउरकेला एसपी के पास पहुंचे हैं। आरोप है कि इस रैकेट के सरगना और उसके सहयोगियों ने लोगों का विश्वास जीतने और उन्हें योजना में निवेश करने के लिए राउरकेला भंज भवन और कई प्रतिष्ठित होटलों में आकर्षक व मनभावन कार्यक्रमों का सहारा लेते हुए इसे बड़ी शातिराना तरीके से अंजाम दिया। पीड़ितों का कहना है कि उनसे 1,750 रुपए से लेकर 2 लाख रुपए तक की राशि ठगी गई।

## अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री साहू ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व के मामले, साफ- सफाई, अधोसंरचना निर्माण, अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।



## राउरकेला विशेष जेल और बोनई जेल में सीएमटीएस के तहत परेड आयोजित

**राउरकेला।** अपराध निगरानी और ट्रैकिंग सिस्टम सीएमटीएस के हिस्से के रूप मेंए आज राउरकेला विशेष जेल और बोनई उप जेल में जेल परेड आयोजित की गई। यह पहल जिले भर में अपराध गतिविधियों की मजबूत निगरानी, सक्रिय नेटवर्क की पहचान और अपराध रोकथाम के लिए मजबूत ढांचा सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखती है।

यह अभ्यास राउरकेला पुलिस जिले के सभी प्रभारी निरीक्षकों आईआईसी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जो जिले भर में अपराधियों की ट्रैकिंग, सत्यापन और अद्यतन रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास को दर्शाता है। परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कैदियों से बातचीत की, उनकी पहचान सत्यापित की और लंबित मामलों तथा अन्य अपराधी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता की जांच की। वरिष्ठ अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि सीएमटीएस प्रेरित जेल परेड निम्नलिखित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आदतन अपराधियों की पहचान और ट्रैकिंग करके दोहराने वाले अपराधों को रोकना। बड़े मामलों से जुड़े अंडर ट्रायल कैदियों की निगरानी। जेल में बंद अपराधियों के माध्यम से संचालित बाहरी नेटवर्कों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करना। कानून प्रवर्तन के लिए जेल अधिकारियों और पुलिस के बीच समन्वय सुनिश्चित करना। राउरकेला पुलिस ने जोर दिया कि जिले की सभी जेलों में ऐसी परेड नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएंगी। यह पहल न केवल निगरानी को मजबूत करती है बल्कि अपराधी तत्वों द्वारा जेल सुविधाओं का दुरुपयोग रोकने में भी निवारक के रूप में कार्य करती है। इस अवसर पर बोलते हुए अधिकारियों ने कहा कि सभी आईआईसी की सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करती है कि हर पुलिस स्टेशन स्थानीय अपराधियों के बारे में अद्यतन रहे, जिससे जांच तेज हो और कानून व्यवस्था प्रबंधन में सुधार हो।

### सप्ताह भर हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं, समाज के लोगों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल अग्र समाज के सदस्य।



शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की झांकी।

**पत्थलगांव।** महाराज अग्रसेन की जयंती के मौके पर शहर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस बार भी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप में निकाला गया था। जिसमें महाराज अग्रसेन की भव्य झांकियों के साथ ही वरिष्ठजनों,बच्चों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग इसमें शामिल हुए। अग्र समाज के पुरोधा महाराजा अग्रसेन की जयंती प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। इस मौके पर यहां 1 सप्ताह तक विविध सामाजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी करीब एक सप्ताह तक विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें समाज के बच्चे,युवा,बुजुर्ग यहां तक कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विजेता प्रतिभागियों का निर्णायक मंडल द्वारा चयन किया गया। सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रूक रूक कर हो रही भारी बारिश के बीच शाम करीब 4 बजे शोभायात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई। आगे आगे युवाओं का हुजूम अग्रध्वज लेकर चल रहा था। शोभायात्रा के लिए भव्य झांकियां तैयार की गई थीं। इसके लिए तीन बग्घियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। एक बग्धी में महाराज अग्रसेन को महारानी माधवी के साथ रथारूढ़ किया गया था वहीं दूसरे में भगवान कृष्ण की झांकी सजाई गई थी। तीसरी बग्धी में माता लक्ष्मी सवार थीं। इसके पीछे विशाल झांकी में महाराज अग्रसेन का भव्य चित्र सजाया गया था।

## दीपिका व मुस्कान ने विज्ञान अनुसंधान यात्रा में किया जिले का प्रतिनिधित्व



**जशपुरनगर।** स्कूली छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन 13 सितंबर से 18 सितंबर 2025 किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिले से विज्ञान क्विज द्वारा 54 विजेता छात्राओं का चयन किया गया एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाए शामिल है। कलेक्टर रोहित व्यास के पहल पर विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में और अधिक रूचि जागृत करने हेतु समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जाता रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी पी. के.भटनागर व स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा दीपिका भगत और मुस्कान भगत को बधाई व शुभकामनाएं देते यात्रा हेतु रवाना किया। संपूर्ण यात्रा जेपी रथ अतिरिक्त संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के कुशल मार्गदर्शन में केके शुक्ला, ओपी मिश्रा (सहायक प्राध्यापक), डॉ वसीम रजा , डॉ चंद्रवंशी व छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयोजन से सम्पन्न हुआ। संपूर्ण यात्रा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के दिशानिर्देश पर छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के सहयोग से सफल रही।

# मां के रूप में नजर आईं ये एक्ट्रेस, किसी ने निभाई काली की भूमिका तो किसी ने किया मां पार्वती का रोल

*मुंबई। नवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में बहुत ही खास और पवित्र माना जाता है। इस साल 2025 में नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो रही है और 2 अक्टूबर तक चलेगी। इसके बाद दशहरा का त्योहार मनाया जाएगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की शक्ति और भक्ति का प्रतीक है। भारतीय टेलीविजन पर बने इन धारावाहिकों ने मां दुर्गा और अन्य देवी रूपों की कहानियों को घर-घर तक पहुंचाया। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर भारतीय टेलीविजन की उन अभिनेत्रियों की बात करते हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे पर मां दुर्गा, माता पार्वती, महाकाली और देवी रूपों का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। इन अभिनेत्रियों ने अपनी शानदार एक्टिंग से न केवल किरदारों को जीवंत किया, बल्कि इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बनाई।*

**मौनी रॉय** : मौनी रॉय आज बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। उन्होंने धारावाहिक 'देवों के देव महादेव' (2011-2014) में माता सती का किरदार निभाया। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। मौनी की खूबसूरती और अभिनय ने माता सती के किरदार को इतना खास बना दिया कि दर्शक उनकी तारीफ करते नहीं थकते थे। इससे पहले, मौनी ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' जैसे लोकप्रिय धारावाहिक में भी काम किया था, जिससे उनकी पहचान बनी।







**इंद्राणी हलदर** : राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री इंद्राणी हलदर ने दूरदर्शन के खास शो 'महालया' में मां दुर्गा की भूमिका निभाई थी। साल 2017 में जी बांग्ला के 'महालया' शो में उन्होंने मां दुर्गा के छह अलग-अलग अवतारों को बखूबी पर्दे पर उतारा। इंद्राणी का अभिनय काफी प्रभावशाली रहा। उनकी यह भूमिका आज भी लोगों के बीच चर्चित है।

**पूजा शर्मा** : अभिनेत्री पूजा शर्मा ने धारावाहिक 'महाकाली अंत ही आरंभ है' में माता पार्वती और महाकाली की भूमिका निभाई। उनका यह किरदार इतना दमदार रहा। जिसकी वजह से वह दर्शकों की पसंदीदा बन गईं। पूजा ने माता पार्वती के सौम्य रूप और महाकाली के उग्र रूप को इतनी खूबसूरती से पेश किया कि दर्शकों ने उनके अभिनय की जमकर तारीफ की। इस धारावाहिक ने उन्हें टेलीविजन इंडस्ट्री में एक नई पहचान दी।

**हेमा मालिनी** : बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने भी छोटे पर्दे पर अपनी छाप छोड़ी है। साल 1999 से 2000 तक दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'जय माता दी' में उन्होंने माता रानी की भूमिका निभाई। इस शो में हेमा मालिनी को मां दुर्गा के विभिन्न रूपों में देखा गया।

**सोनारिका भदौरिया** : सोनारिका भदौरिया ने 'देवों के देव महादेव' में माता पार्वती की भूमिका निभाकर दर्शकों का दिल जीता। यह धारावाहिक भगवान शिव और उनके जीवन पर आधारित है। इसमें सोनारिका ने महादेव की पत्नी माता पार्वती का किरदार बखूबी निभाया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा और उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ।

**आकांक्षा पुरी** : धारावाहिक 'विघ्नहर्ता गणेश' में आकांक्षा पुरी ने माता पार्वती की भूमिका निभाई। यह शो भगवान गणेश, माता पार्वती, भगवान शिव और भगवान कार्तिकेय के जीवन की कहानियों पर आधारित है। आकांक्षा ने माता पार्वती के किरदार को इतने शानदार तरीके से निभाया कि दर्शकों ने उन्हें खूब पसंद किया। इस शो ने उनकी एक्टिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

**पूजा बोस** : टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री पूजा बोस ने भी 'देवों के देव महादेव' में माता पार्वती, महाकाली और मां दुर्गा के किरदार निभाए। उनके इन किरदारों को दर्शकों ने खूब पसंद किया। पूजा ने इन किरदारों को इतने शानदार तरीके से निभाया कि वह दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गईं। उनकी एक्टिंग ने उन्हें इंडस्ट्री में एक खास मुकाम दिलाया।

## इन गानों में हैं मां दुर्गा की महिमा का वर्णन

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के 9 भक्तिमय दिनों में मां की महिमा का वर्णन कर रहे गीत हर जगह सुनाई पड़ते हैं। ऐसे समय में भक्ति को और बढ़ाने में फिल्मी गीतों का योगदान अहम है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम फिल्मों में मां दुर्गा पर गाए कुछ भजनों को याद कर रहे हैं।




***काल के पंजे से माता बचाओ, जय माँ अष्ट भवानी*** : 1979 में रिलीज फिल्म 'सुहाग' में अमिताभ और रेखा पर फिल्माए इस गीत में 'मां' की महिमा का वर्णन किया गया है। मोहम्मद रफ़ी और आशा भोसले की आवाज़ तथा लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के संगीत के बीच यह गीत काफी लोकप्रिय हुआ था।

***चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है*** : 1983 में रिलीज 'अवतार' फिल्म में राजेश खन्ना और शबाना आजमी पर फिल्माए गए इस गीत को नरेंद्र चंचल ने गाया है। यह गीत बहुत लोकप्रिय हुआ। 'मां' की महिमा का इससे बेहतर ढंग से वर्णन अन्य किसी गीत में नहीं है।



***तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये, मैं आया मैं आया शेरा वालिये*** : 1980 में रिलीज फिल्म 'आशा' में जितेंद्र और रामेश्वरी पर फिल्माए गए इस गीत में भी नरेंद्र चंचल ने अपनी मधुर तान बिखेरी है। गीत के हर बोल में मां की महिमा का भावुक वर्णन किया गया है। आनंद बक्षी के बोल को लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने संगीत से सजाया है।

***माँ मेरी मां से मिला दे मुझे*** : 1985 में रिलीज फिल्म 'मर्द' में ओ मां शेरावाली गीत अमिताभ बच्चन ने गाया है। इसमें उन्होंने अपनी मां से मिलाने की प्रार्थना की है। शब्बीर कुमार ने इस गीत में अपनी आवाज़ दी है। अन्नु मलिक ने संगीत दिया है।

***दुर्गा है मेरी मां, अम्बे है मेरी मां*** : मनोज कुमार और दिलीप कुमार अभिनीत प्रसिद्ध फिल्म 'क्रांति' के इस गीत को महेंद्र कपूर और मीनू पुरुषोत्तम ने गाया है। संतोष आनंद ने इस गीत को लिखा है। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने इसमें संगीत दिया है।



## ऐसे क्या किया कि लगे 31 के लगने!

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीरो नंबर 1 यानी गोविंदा लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। लेकिन, रियलिटी शोज में उन्हें कई बार देखा जाता है। हाल ही में पैप्स ने एक्टर को सुपर डांसर के ग्रैंड फिनाले सेट पर स्पॉट किया। वायरल तस्वीरों में गोविंदा का लुक बेहद स्टाइलिश और क्लासी लग रहा है। 61 की उम्र में भी गोविंदा की ऐसी एनर्जी और फिटनेस देख सभी चौंक जाते हैं। अभिनेता कई यंगस्टर्स को अपने इस अंदाज से मात दे सकते हैं। प्रॉपर डाइट और लाइफस्टाइल से 61 की उम्र में भी गोविंदा 31 के लगते हैं। आज भी बॉलीवुड के हिट एक्टर गोविंदा का हर अंदाज कातिलाना है। अब अभिनेता की ये लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सभी लोग गोविंदा के स्टाइल और फिटनेस की जबरदस्त तारीफ कर रहे हैं।



## फिल्म हैवान में कैमियो करेंगे मोहनलाल

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अपकमिंग हिंदी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में होंगे। एक इंटरव्यू में फिल्म निर्माता ने आखिरकार फिल्म के बारे में एक बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने बताया है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल इस फिल्म में नजर आएंगे। प्रियदर्शन ने कहा हैवान में मोहनलाल हैं। हालांकि, वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।' प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म 'हैवान' बन रही है। मोहनलाल इसमें कैमियो रोल करेंगे।

### हॉलीवुड मसाला



## 2025 में इन हॉलीवुड सितारों के घर गूंजेगी किलकारियां

**लॉस एंजिल्स।** साल 2025 हॉलीवुड के लिए काफी यादगार साबित होने जा रहा है, क्योंकि इस साल कई बड़े सितारे न सिर्फ प्रोफेशनल अचीवमेंट्स के कारण सुर्खियों में हैं, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के नए चैप्टर की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस साल हॉलीवुड में कई फैंस के लिए खास खुशखबरी आने वाली है। रिहाना अपने परिवार में तीसरे बच्चे का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। अपने दो बेटों एथल्सटन मेयर्स और रायट रोज मेयर्स के बाद रिहाना अब एक बार फिर मां बनने वाली हैं। पावरफुल और मशहूर रैपर कार्डी बी भी इसी साल अपने चौथे बच्चे का स्वागत करने जा रही हैं। कॉमेडियन पीट डेविडसन और मॉडल एल्सी ह्यूइट भी इस साल पेरेंट्स बनने वाले हैं। ह्यूइट ने 16 जुलाई को इंस्टाग्राम पर यह खुशखबरी साझा की और साथ ही कुछ प्यारी तस्वीरें और वीडियो भी अपने फैंस के साथ साझा किए। रॉड स्टुअर्ट की बेटी किम्बर्ली स्टुअर्ट इस साल के आखिरी में अपने बेटे का स्वागत करने वाली हैं। किम्बर्ली ने 17 मार्च को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी प्रेग्नेंसी की जानकारी फैंस के साथ साझा की।

### टीवी मसाला



## सलमान ने गौरव को झाड़ा फर्नीचर से कर दी तुलना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के लेटेस्ट वीकेंड का वार एपिसोड में होस्ट सलमान खान ने 'अनुपमा' एक्टर गौरव खन्ना को खूब लताड़ा, क्योंकि वे घर में कम एक्टिव हैं। सलमान ने उनकी तुलना एक फर्नीचर से कर दी। सलमान ने गौरव को 'इंडियन टीवी का चहेता लड़का' और 'ग्रीन फ्लैग' भी कहा, लेकिन उन्हें याद दिलाया 'बात एडिटिंग की नहीं है। आप खुद ही अपना स्क्रीन टाइम कम कर रहे हैं'। उन्होंने कहा कि गौरव अब तक सिर्फ 20 मिनट ही दिखाई दिए हैं। सलमान खान ने गौरव खन्ना से पूछा, 'आपका घर में जो दिख रहा है, ये आपका असल किरदार है? क्या आप दूसरे कंटेस्टेंट्स के टैलेंट से घबरा रहे हैं? आपको मुद्दों पर बोलना चाहिए। आप उस पर परफॉर्मेंस का प्रेशर कैसे ले रहे हैं? ये दिमाग का कॉम्पिटीशन है, मुद्दों से सही तरीके से निपटने का। आप एक समझदार इंसान हैं, इसका इस्तेमाल क्यों नहीं कर रहे हैं?' पर गौरव खन्ना ने अपना बचाव करते हुए कहा कि वो टास्क के दौरान होने वाली गालियों और अग्रेशन (गुस्से) से दूर रहना पसंद करते हैं। इस पर सलमान ने कहा, 'घर में आपका रोल किसी स्टार के कैमियो जैसा है, जो पोस्टर में नजर आता है, लेकिन पिक्चर में नहीं दिखते।' सलमान ने आगे बताया कि दर्शक गौरव को एक्टिव नहीं देख पा रहे हैं। वे उन्हें सिर्फ सोफे पर बैठे या कभी-कभार कॉमेंट करते हुए ही दिख रहे हैं। यहां तक कि चौथे हफ्ते में भी। दर्शकों को प्रोड्यूसर्स को झूठा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि लोगों को लग सकता है कि वो वही गौरव नहीं हैं, जिसे उन्होंने पर्दे पर देखा था।

## अपनी ही मां पर भड़की परी तुलसी को सुनाएगी खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अबतक आपने देखा कि तुलसी ने परी को रणविजय के साथ चॉल में देख लिया था। परी को देखकर वो बुरी तरह टूट जाती है। अब आप देखेंगे कि परी जैसे ही घर आएग वो मिहिर को परी की सच्चाई बताएगी। वो कहेगी कि उसने परी को रणविजय के साथ चॉल में देखा। ये बात सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा। हालांकि, परी फिर अपने परिवार से झूठ बोलेगी और तुलसी को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर देगी। दरअसल, जब तुलसी चॉल में परी को देखकर बेहोश होती है। वहां, पूरी चॉल इकट्ठा हो जाती है। परी और रणविजय भी वहां आते हैं। परी अपनी मां को वहां देखकर हैरान रह जाती है। वो जल्दी से चॉल से निकलकर अपने घर भागती है। घर में जाकर वो गायत्री बा से मदद मांगती है। वो उनसे कहती है कि अगर घर में कोई कुछ पूछे तो वो ये कह दें कि वो उनके साथ थी।



## किंग से लीक हुआ शाहरुख का लुक सुहाना-अभिषेक का दिखा ऐसा अवतार

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह, शाहरुख खान को फैंस लंबे समय से बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। सुपरस्टार आखिरी बार 2023 की फिल्म डंकी में दिखाई दिए थे। अब सुपरस्टार 'किंग' में नजर आएंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट नहीं आया है और इस बीच फिल्म के सेट से शाहरुख खान की लुक लीक हो गया है। इतना ही नहीं, अभिषेक बच्चन और सुहाना खान का भी फर्स्ट लुक वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'किंग' के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। एक फोटो में शाहरुख खान व्हाइट शर्ट, सिर पर बेज हैट और ग्रे दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी गर्दन पर टैटू बना भी दिखाई दे रहा है। वहीं, एक दूसरी फोटो में शाहरुख खान का डैपर लुक देखने को मिला. शॉर्ट हेयरकट, पूरी बॉडी पर टैटू, आंखों पर चश्मा लगाए बाइक पर बैठे एक्टर स्वैग में दिख रहे हैं। उनके इस लुक ने 'किंग' को लेकर फैंस में एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दी है। 'किंग' के सेट से सुहाना खान की भी एक झलक सामने आई है। फोटो में एक्ट्रेस क्रू के बीच खड़ी दिख रही हैं। ब्राउन ट्यूब टॉप और बेज पैंट में वो काफी कूल नजर आ रही हैं। वहीं अभिषेक बच्चन का फर्स्ट लुक भी वायरल है जिसमें एक्टर बढ़ी हुई दाढ़ी और ब्लेजर पहने दिख रहे हैं। बता दें कि 'किंग' में एक से बढ़कर एक सितारे नजर आने वाले हैं।







### मलयालम सिनेमा के अभिनेता मोहनलाल को दिया जाएगा दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023

## साउथ के इन महान कलाकारों को मिला दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *मलयालम सिनेमा के अभिनेता मोहनलाल को भारतीय सिनेमा का सबसे मशहूर पुरस्कार 'दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023' दिया जाएगा। यह अवॉर्ड सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जाएगा। अभिनेता को अवॉर्ड मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। इससे पहले साउथ के कई कलाकारों को इस अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है।*


***बी.एन रेड्डी*** : *बी.एन रेड्डी तेलुगु सिनेमा के फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक थे। उन्हें सिनेमा में योगदान के लिए साल 1974 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें 1974 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रेड्डी को फिल्म बंगारू पापा, भाग्य रेखा और रंगुला रतनाम के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया। उन्हें फिल्म बंगारू पंजाराम के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया।*

***एल.वी. प्रसाद*** : *एल.वी. प्रसाद फिल्म निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और कारोबारी थे। उन्होंने तेलुगु, तमिल और हिंदी में काम किया। उन्हें साल 1982 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें फिल्म मंगैयार थिलाकम और दार्या भरतालू के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म खिलौना (1970) के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से नवाजा गया।*

***बी.नागी रेड्डी*** : *बी.नागी रेड्डी तेलुगु सिनेमा के फिल्म निर्माता थे। उन्होंने हिंदी में भी काम किया। उन्हें 1986 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। कन्नड़ फिल्म मादुवे मादिनोदू के लिए उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा तेलुगु फिल्मों 'मायाबाजार' और गुंडम्मा कथा के लिए फिल्म फेयर अवार्ड दिया गया।*







***अक्किनेनी नागेश्वर राव*** : *अक्किनेनी नागेश्वर राव तेलुगु सिनेमा के अभिनेता और फिल्म निर्माता थे। सिनेमा में उनका 7 दशक लंबा कॅरियर रहा। साल 1990 में उन्हें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें 1968 में पद्म श्री, 1988 में पद्म भूषण और 2011 में पद्म विभूषण पुरस्कार दिया गया। राव को फिल्म सुदिगुंदालु, मरापुरानी मनिषी, आत्मा बंधुवुलू और सीतारमैया गरी मानवरालु के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। उन्हें 1988 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया।*

***राजकुमार*** : *राजकुमार कन्नड़ सिनेमा के बेहतरीन एक्टर और गायक थे। साल 1995 में उन्हें दादासाहेब पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें 1983 में पद्म भूषण अवॉर्ड भी दिया गया। उनकी 39 फिल्मों को 63 बार अलग-अलग भाषाओं में दोबारा बनाया गया। साल 2011 में कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने उन्हें भारत रत्न पुरस्कार देने का ऐलान किया। उन्होंने सत्य हरिश्चंद्र, मयूरा और भक्त प्रहलाद जैसी फिल्मों में अभिनय किया।*

***शिवाजी गणेशन*** : *शिवाजी गणेशन तमिल सिनेमा के अभिनेता और फिल्म निर्माता थे। साल 1996 में उन्हें सिनेमा में योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें 1966 में पद्म श्री और 1984 में पद्म भूषण अवॉर्ड दिया गया। उन्होंने अपने करियर में 288 फिल्मों में अभिनय किया। तमिल के अलावा उन्होंने तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में भी काम किया।*

***अदूर गोपालाकृष्णन*** : *अदूर गोपालाकृष्णन मलयालम फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता हैं। उन्हें साल 2004 में सिनेमा में योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें लगभग 17 बार नेशनल अवॉर्ड दिया गया। उनकी बेहतरीन फिल्मों में 'नालू पेनुंगल', अनंतराम और मुखामुखम शामिल हैं।*

***डी रामानायडू*** : *डी रामानायडू तेलुगु सिनेमा के फिल्म निर्देशक थे। इन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए साल 2009 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। इन्हें फिल्म असुख और होप के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड से नवाजा गया।*

***के. बालचंदर*** : *के. बालचंदर तमिल सिनेमा के अभिनेता, निर्देशक, फिल्म निर्माता और पटकथा लेखक थे। उन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए साल 2010 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। साल 1987 में उन्हें पद्म श्री से नवाजा गया। उनके नाम कुल आठ नेशनल फिल्म अवॉर्ड हैं।*

**खबर संक्षेप**

## मेहमान प्रवक्ता के लिए 3 तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ अंतर्गत आईटीआई धरमजयगढ़ में व्यवसाय कोपा मेहमान प्रवक्ता के एक रिक्त पद के लिए 3 अक्टूबर सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक उम्मीदवार नियत तिथि एवं समय पर आवेदन भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के सूचना पटल में अवलोकन कर सकते है।

## प्रेस क्लब भवन के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत

**रायगढ़।** विधायक ओपी चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र स्थितए जिला प्रेस क्लब भवन हेतु तीस लाख स्वीकृत किए है। उपरोक्तानुसार निर्माण कार्यों की स्वीकृति विधायक निधि मद से करने हेतु अनुशंसा जिला कलेक्टर को प्रेषित कर दी गई।

## स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए 29 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ।** रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्वीकृत स्पीच थेरेपिस्ट के रिक्त पद के लिए एक भी पात्र आवेदक नहीं मिलने के कारण स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए योग्य पात्र उम्मीद्वार से 29 सितम्बर 2025 तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में रजिस्टर डाक से आवेदन भेज सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले के वेबसाईट में देखा जा सकता है।

## रिक्त पदों पर पात्र अपात्र सूची जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में समावेशी शिक्षा अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना में स्वीकृत रिक्त पद स्पीच थेरेपिस्ट हेल्पर आया एवं स्पेशल एजुकेटर पद पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र 25 अगस्त तक आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण कर पात्र अपात्र सूची जारी करते हुए अपात्रता का कारण भी उल्लेख किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए रायगढ़ जिले के वेबसाईट में देखा जा सकता है। पात्र अपात्र के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 26 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## ओल चिकी लिपि का होगा शताब्दी समारोह

**राउरकेला।** राउरकेला में ओल चिकी लिपि और संथाली भाषा विजय दिवस का भव्य शताब्दी समारोह 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहा है। इस संदर्भ में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है। देशभर से गणमान्य अतिथियों और सांस्कृतिक नेताओं के शामिल होने की संभावना है और कई प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रण भेजा गया है। वर्ष 2025 ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। यह लिपि गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की अनूठी रचना है, जिसने संथाली समाज को एक लिखित स्वरूप प्रदान किया, उनकी मौखिक परंपराओं को संरक्षित किया और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त किया। आयोजकों का कहना है कि यह मील का पत्थर सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय महत्व दोनों का प्रतीक है जो दृढ़ता, मान्यता और सशक्तिकरण का संदेश देता है। एक स्वागत समिति का गठन किया गया है।

### फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का संदेश देते रायगढ़ ने लगाई दौड़

# जिंदगी में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपनी पूरी क्षमता से खेलनाः ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़






रायगढ़ में आत्मनिर्भर भारत फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक से मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, महापौर जीवर्धन चौहान उपस्थित रहे। यह मैराथन दौड़ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक से होते हुए गांधी चौक, सुभाष चौक, रामनिवास टॉकीज चौक, शहीद चौक से हेमू कालानी चौक होते हुए कमला नेहरू उद्यान में समाप्त हुई। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत आयोजित किया गया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मैराथन दौड़ के विजेताओं को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि जीत हार से ज्यादा महत्वपूर्ण अपनी पूरी क्षमता और खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है। यह आदर्श हमारी जिंदगी में भी उतना ही प्रासंगिक है। हमारे लगन और समर्पण के साथ किया गया प्रयास ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम दस स्थान पर आने वाले बालक और बालिका वर्ग के प्रतिभागियों को स्वेच्छानुदान मद से 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा की।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व से आज भारत को वैश्विक मानचित्र में स्थापित करने का काम किया है। उनके मार्गदर्शन में किए जा रहे कार्यों से देश ने प्रगति के कई सोपान तय किए हैं। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ में एक भी राष्ट्रीय स्तर की संस्था नहीं थी। किन्तु आज आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसी देश की लगभग सभी प्रमुख संस्थाएं यहां संचालित हैं। पिछले डेढ़ साल में छत्तीसगढ़ में 3 राष्ट्रीय स्तर कि संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जिनमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टी टेक्नोलॉजी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटीज शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण देने रायपुर कलेक्टर रहते नालंदा परिसर की आधारशिला रखी थी। आज वहां 3 हजार छात्र प्रवेशित हैं और लगभग उतने ही छात्र प्रतीक्षा सूची में है। रायगढ़ के छात्रों के सुदृढ़ भविष्य के लिए यहां मरीन ड्राइव में 40 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण तेजी से हो रहा है। खेल सुविधाओं को नया आयाम देने लोहरसिंह में 105 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसका लाभ पूरे जिले के खिलाडिय़ों को मिलेगा। पुसौर और महापल्ली में भी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम का निर्माण होगा। रायगढ़ स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं का उन्नयन किया जा रहा है। अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट की तैयारी की सुविधा उर्दना पुलिस लाइन में प्रदान की जाती है। यहां प्रतिभागियों को पौष्टिक आहार के साथ फिजिकल ट्रेनिंग भी दी जाती है इसके लिए उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायगढ़ में नव गुरुकुल संस्था का शुभारंभ किया गया है। यहां बालिकाओं एवं युवतियों को आज के बदलते दौर की आवश्यकता के हिसाब से जरूरी ट्रेनिंग प्रदान किया जा रहा है। जिससे वे आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार हासिल कर सके। रायगढ़ में प्रयास आवासीय संस्था का संचालन किया जा रहा है। यहां प्रवेश लेने वाले छात्रों को आईआईटी और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। संस्था का संचालन प्रारंभ हो चुका है तथा 50 करोड़ में इसका नया भवन बनने वाला है।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक हम सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। जिसके तहत यह मैराथन दौड़ का आयोजन आज रायगढ़ में आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य युवाओं को जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढने के लिए फिट इंडिया और नशामुक्त भारत का संदेश देना है। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि यह नमो मैराथन दौड़ युवाओं के प्रयास और सहभागिता से संपन्न हुआ है। युवा देश में भविष्य हैं। कार्यक्रम में सभापति डिग्रीलाल साहू, अरुणधर दीवान, उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सत्यानंद राठिया, जगन्नाथ पाणिग्रही, विवेक रंजन सिन्हा, विकास केडिया, पवन शर्मा, श्रीमती पूनम सोलंकी, दिबेश सोलंकी, रमेश बेहरा, पावन अग्रवाल, अरूण कातोरे, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ अरविंद पीएम, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम महेश शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण शिवशंकर पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, शहरवासी और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नमो मैराथन दौड़ के समापन में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इनमें पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर मनोज कुमार यादवए द्वितीय भोजराम साहू एवं तृतीय स्थान पर सुनील कुमार साहू रहे। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर सोना चौहान, द्वितीय संगीता यादव एवं तृतीय स्थान पर धनकुवर सिदार रही। प्रथम आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 5100 रूपए द्वितीय को 3100 रुपए एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को 2100 रुपए दिए गए। इसी तरह बालक और बालिका वर्ग से प्रथम दस स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा की।

# रिवाइज्ड पेंशन के लिए अभी और करना पड़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के बरौद कालरी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तीन वर्ष बाद भी रिवाइज्ड पेंशन के लिए चप्पलें घिसनी पड़ रही है। यही नही कोयला कंपनी के महाप्रबंधक अनिरुद्ध सिंह के गैर जिम्मेदाराना बयान से मजदूर नेताओं का पारा चढ़ा हुआ है। अब वे इस लड़ाई को सड़क तक ले जाने की तैयारी में हैं, उन्होंने कंपनी प्रबंधन को 15 दिनों का समय दिया है, बात नही बनी तो उग्र आंदोलन की तैयारी है।

दरअसल दो दिन पहले इंटक और एटक के मजदूर नेता गनपत चौहान एवं आलम खान ने रिटायर्ड कर्मचारियों के लंबित रिवाइज्ड पेंशन के मामले को लेकर एसईसीएल के रायगढ़ क्षेत्र के महा प्रबंधक से मिलकर प्रकरण में ठोस कार्रवाई का आश्वासन चाहते थे, ऐसा नहीं हुआ य उल्टे उन्हें कहा गया कि जाइए आंदोलन करिए रिवाइज्ड पेंशन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। अधिकारी के इस गैरजिम्मेदाराना स्टेटमेंट से क्षुब्ध मजदूर नेताओं ने एक पखवाड़े के अंदर रिटायर्ड कर्मचारियों को न्याय नही मिलने पर आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है। उल्लेखनीय है कि कोयला कंपनी के रायगढ़ क्षेत्र के बरौद कालरी में गत 2021 से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों ने अपने जीवन का सर्वणीम काल कम्पनी की सेवा में व्यतीत किया और सेवानिवृत्त होने के बाद दूध में मक्खी की तरह उन्हें मौजूदा प्रबंधन निकाल कर फेंक दिया उन्होंने कंपनी में धूप बारिश और ठंड को नजर अंदाज कर खुली खान परियोजना बरौद कालरी उपक्षेत्र में सेवाएं दी आज तीन वर्षो के बाद भी 20 सेवानिवृत्त सदस्यों का रिवाईज्ड पेंशन एनसीडब्ल्यू.गप दावा प्रकरण का निपटारा कोयला खान भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर व एसईसीएल प्रबंधन रायगढ़ और बरौद कालरी प्रबंधन के मध्य मामला अटकी हुई है गत वेतन समझौता के तहत सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारियों की बढ़ी हुई वेतन अंतराल का फैसला लेने में जिम्मेदार अधिकारियों का तीन साल का समय लग गया इस बीच पेंशन की बढ़ी हुई दर का बाट जोहते जोहते तीन सदस्यों की मौत भी हो चुकी है शेष बचे सदस्यों में अनेकों लोग शारीरिक और मानसिक रूप से बढ़े हुए पेंशन का बाट जोहते जोहते जिसकी आंखे पथरा सी गई है और मानसिक रूप से बीमारी ने उन्हें घेर रखा है यह शर्मशार करने वाली वाक्या एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के खुली खदान परियोजना बरौद कालरी की है। बरौद कालरी से सेवानिवृत्त हुए कोयला कर्मचारियों में इंजीनियर, फोरमेन, फीटर, आपरेटर, लिपिक जैसे पदों में रहते हुए कम्पनी की सेवाएं देते हुए उत्पादन उत्पादकता और कोयला संप्रेषण के दौरान जिन्होंने कठोर परिश्रम किया अब वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं कोई 2021 से है तो कोई 2023 की तिथि में इन तीन चार वर्षों में 20 सदस्यों का हिसाब किताब और वह भी पेंशन का रिवाईज्ड नहीं किया जाना आश्चर्य का विषय है। पांच महीनों से चल रही है प्रबंधन व कोयला खान भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के मध्य पत्राचार पर कोई ठोस निर्णय अभी तक नहीं लिया जा सका है अब 20 सदस्यों की बढ़ी हुई पेंशन दर की राशि कब तक नहीं दी जाएगी।

**खास बात**

- कंपनी प्रबंधन को 15 दिनों का समय दिया है

# बिलाईगढ़ नगर वासियों ने बस स्टैंड में बस स्टॉपेज की मांग की

**सरसीवा।** सरसीवा बिलाईगढ़ रायपुर से रायगढ़ जाने वाली बसों की बिलाईगढ़ बस स्टैंड में स्टॉपेज की मांग बिलाईगढ़ वासी बहुत अर्से से कर रहे हैं पर आज तक कोई अधिकारी वह जिम्मेदार व्यक्तियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे नगर वासीयो में तथा बिलाईगढ़ के आसपास के गांव के लोगों में अति रोष व्याप्त है तथा बिलाईगढ़ से बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बहुत कठिनाइयों का रोज सामना करना पड़ता है जो बिलाईगढ़ के विकास में यह बस स्टैंड बहुत बड़े रोढ़ा है। बिलाईगढ़ व्यापारिक संघ के अध्यक्ष से बात करने पर इस समस्या का दर्द फुटा तथा बोले अगर प्रशासन जल्द से जल्द इसपर ध्यान नहीं दिए तो पूरी बिलाईगढ़वासी रोड को चक्का जाम करके रायपुर से सारंगढ़ रायगढ़ चलने वाली सभी गाड़ियों का पहिया जाम कर देंगे। बिलाईगढ़ बस स्टैंड से रायपुर और रायगढ़ की ओर जाने के लिए 4 किलोमीटर पवनी मोड उधर 4 किलोमीटर दुम्हानी मोड जाने के लिए यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है बिलाईगढ़ से आगे धनसीर व सलिहा से लगे सैकड़ो गांव गांव आते हैं जो रोज सुबह सैकड़ो लोगों की संख्या में बिलाईगढ़ और बस स्टैंड से बस बैठकर रायपुर जाना है बिलासपुर जाना है रायगढ़ जाना है पर बिलाईगढ़ बस स्टैंड में आकर वो मायूस सा हो जाते हैं उन्हें गंतव्य स्थान में जाने के लिए अभी भी 4 किलोमीटर पैदल दुम्हानी मोड जाना पड़ता है। इस सन्दर्भ मे पूर्व विधायक चंद्रदेव राय से उनके कार्यकाल के रहते अनेकों बार विनती की गई पर आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला वो बोले इस मंत्री से बात हो गई है उसे मंत्री से बात हो गई है कलेक्टर साहब से बात हो गई है पर आज तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया है इस समस्या के समाधान के लिए शासन और प्रशासन से विनम्र निवेदन है कि इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करके बिलाईगढ़ वासियों को इस समस्या से निजात दिलाएं बिलाईगढ़ वासियों की धैर्य की परीक्षा ना लें इससे गंभीर परिणाम हो सकते हैं।



## बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन 25 को

**रायगढ़।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायगढ़ के सयुंक्त तत्वाधान में 25 सितम्बर दिन गुरूवार को प्रातः 10 बजे से ग्राम चंघोरी एवं सिंगपुरी तहसील पुसौर जिला रायगढ़ में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर प्रभारी अधिकारी राहत एवं आपदा प्रबंधन शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है इसमें किसी प्रकार की घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखे।

# अग्रसेन जयंती पर विधायक अमर ने किया पुरस्कार वितरण

**खरसिया।** नगर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रम बहुत उत्साह और उमंग के साथ चल रहे है विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे अग्र समाज के लोग बढ़चढ़कर भाग लिए।

अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष सुनील गर्ग के नेतृत्व में इस बार भी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल कल रविवार को हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बने विजेताओं को पुरुस्कृत करने पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुए। विधायक अमर अग्रवाल ने बताया खरसिया नगर का गौरवशाली इतिहास रहा है सेंट्रल इंडिया में दो कस्बे सबसे धनाढ्य हुआ करते थे जिसमें एक तुमसर और दुसरा खरसिया हुआ करता था, खरसिया की सामाजिक एकता की मिसाल लोग देते थे समाज के लोग भले ही अलग अलग राजनीति दल से रहे हो परंतु समाज के ऊपर कभी संकट आया तो राजनीति से परे उठकर महाराजा अग्रसेन के छत्रिय धर्म का पालन करते हुए आये सभी संकटो को दूर किया, समाज के लोग अपने पुरुषार्थ के दम पर देश भर में धर्मशालाएं, तालाब, कुंआ, हॉस्पिटल, स्कूल आदि चीजो का निर्माण करवाया। कमल गर्ग ने कहां खरसिया की पहचान को पूरे प्रदेश में अगर किसी ने दिलाई है तो वो लखीराम अग्रवाल ने दिलाई है आज इनके सुपुत्र अमर अग्रवाल हमारे बीच उपस्थित है ये पूर्व सरकार के सबसे सफलतम मंत्री थे और अभी बिलासपुर से विधायक है में पूरे नगर की ओर से इनका स्वागत करता हूँ अभिनंदन करता हूँ, जयंती के माध्यम से समाज के युवाओं को सामाजिक एकता की प्रेरणा मिलती है भगवान अग्रसेन जी की प्रेरणा की बदौलत से ही हमारा अग्र समाज प्रथम पंक्ति में खड़ा है। अमर अग्रवाल व कमल गर्ग का जन्मदिन होने से दोनो ने केक काटा उपस्थित सभी लोगों ने बधाई देकर दीर्घायु जीवन की कामना की।




# उत्कृष्ट छात्रों के लिए विज्ञान अनुसंधान यात्रा नई पहल




**घरघोड़ा।** स्कूली छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन 13 सितंबर से 18 सितंबर 2025 किया गया।

जिसमें राज्य के विभिन्न जिले से विज्ञान क्विज द्वारा 54 विजेता छात्राओं का चयन किया गया एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिका शामिल है उक्त जानकारी देते हुए रायगढ़ जोन की जोन प्रभारी श्रीमती ज्योत्सना राजपूत व्याख्याता भौतिकी सेजेस छर्राटांगर ने बताया कि रायगढ़ जोन से रायगढ़ जिले की छात्राएं निशी एन मिश्रा तथा गरिमा पटेल पीएम नटवर इंग्लिश स्कूल से यात्रा में शामिल रही। यात्रा का उद्घाटन डॉ.सपन कर्माकर महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रीजनल साइंस सेन्टर छत्तीसगढ़ के द्वारा किया गया। इस पांच दिवसीय यात्रा में छात्राओं को साइंस रीजनल सेंटर रायपुर, बिरला प्लेनेटरियम कोलकाता, एसएन बोस इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंस, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स, साइंस सिटी और बिरला प्लेनेटरियम कोलकाता का शैक्षिक यात्रा करवाया गया जिसमें छात्राओं ने बिरला प्लेनेटरियम में तारामंडल एसएन बोस इंस्टीट्यूट में रमन प्रभाव द्वारा प्रकीर्णन, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी द्वारा सूक्ष्म कणों का अवलोकन, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स में परम शून्य ताप पे हीलियम का द्रवीकरण, प्रोटॉन बॉन्डिंग द्वारा डी एन एए लाइट मैटर इंटरेक्शन से परमाणवीय गुण और आयनों की ऊर्जास्तर, रडार प्रणाली, सिलिकॉन चिप के जगह इलेक्ट्रोमैग्नेटिक चिप का उपयोग, साइंस सिटी में नासा द्वारा भेजे गए मानवरहित यान वाइजर द्वारा ग्रहों का अध्ययन पर बनी संक्षिप्त फिल्म और विविध भौतिकी प्रदर्शनी पर जानकारी प्रदान की गई। संपूर्ण यात्रा जेपी रथ अतिरिक्त संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के मार्गदर्शन में के के शुक्ला व ओपी मिश्रा सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में डॉ वसीम रजा वरिष्ट वैज्ञानिक सी एवं डॉ चंद्रवंशी वैज्ञानिक डी छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयोजन से सम्पन्न हुआ।

# मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर दीप प्रज्जवलन

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में 22 सितंबर सोमवार को मॉ बंजारी मन्दिर समिति अध्यक्ष कलेक्टर के दिशा निर्देश में एसडीएम, तहसीलदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी, समिति सदस्यगणों, यज्ञाचार्य, पंडित यजमान सैकड़ो श्रद्धालु भक्तगणो की उपस्थिति में शारदीय नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन विधि विधान के साथ प्रारम्भ किया गया। शारदीय नवरात्र पर्व मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री, बंजारी माई की पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन प्रारम्भ में विधायक विद्यावती कुंजबिहारी सिदार, मानस वक्ता गोकुलानन्द पटनायक माँ बंजारी मन्दिर समिति सदस्य पंचराम मालाकार, घनश्याम मालाकार सहित मन्दिर समिति सदस्य कार्यकर्ता औद्योगिक प्रबंधन प्रतिनिधि सेवक सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलन प्रारम्भ किया गया। माँ बंजारी धाम में सभी भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना एहर दिन भोजन भंडारा प्रसाद, पानी पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई है।



**TOP IN RAIGARH**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA(डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

**कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुनःनिर्माण (जबड़ा, स्तन व अन्य)**
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371




By Train- रिजर्वेशन कोच
**गंगा सागर तीर्थ यात्रा**
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक: 13 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 11 जनवरी 2026 मकर संक्रांति स्नान, 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-~~18501/-~~ ऑफर 17,501/-, 3AC-~~29,501/-~~-ऑफर 27,501/-
**स्वामी तीर्थ यात्रा**
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
**स्पेशल ट्रेन**
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
**गंगा सागर यात्रा**
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशिः स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411